वर्ष 2023-24 के लिए ग्रेजुएट व टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप हेतु चयनित अभ्यर्थियों की द्वितीय सूची

वर्ष 2023-24 के लिए ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप हेतु परिपत्र के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाते हुए शाखा अनुसार अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों कि सूची तैयार की गई थी जिसमें कुछ अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण के लिए ज्वाइनिंग हेतु दस्तावेज सत्यापन कराने कि तिथि पर उपस्थित नहीं हुए । इन शेष रिक्तियों को भरने के लिए प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों के चयन की द्वितीय सूची तैयार की गई है । सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ज्वाइनिंग हेतु रिपोर्ट करने के लिए **"कक्ष संख्या 29, भूतल, मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन, बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403" में नीचे दर्शाये गये तिथि में प्रातः 9:00 बजे उपस्थित हों ।** ज्वाइनिंग के समय निम्नलिखित दस्तावेजों [मूल(Original) + एक स्वप्रमाणित छायाप्रति (Photocopy)] तथा हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध Joining Related Forms को पूर्णतया भरकर ही उपस्थित हों :

1. **अंतिम शिक्षण संस्थान (बी.टेक./बी.ई./डिप्लोमा) से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र (जिसमें अभ्यर्थी के अध्ययन अवधि के दौरान का चरित्र संबंधी विवरण अंकित हो)**।
2. हाई स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र ।
3. इंटरमीडिएट अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।
4. डिग्री या डिप्लोमा (जो भी लागू हो) की अंतिम अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र या प्रोविजनल प्रमाण पत्र ।
5. जाति प्रमाण पत्र / EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।
6. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।
7. आधार कार्ड ।
8. बचत बैंक खाता सं. (Saving Bank A/C No.) की साक्ष्य प्रति।
9. आठ (8) पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटो ।
10. आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्कैन कॉपी जिसमें नाम, खाता सं एवं IFSC CODE का विवरण लिखा हुआ हो, बी.टेक./बी.ई./डिप्लोमा की अंतिम अंक तालिका एवं प्रोविजनल प्रमाण पत्र (एक साथ स्कैन करते हुए, साइज-1 MB से कम) एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटो का Soft Copy अपने ईमेल पर save करके लाना अनिवार्य है ।

नोट : (1) सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने NATS पोर्टल पर पंजीकरण संख्या के आधार पर अपनी प्रोफाइल चेक कर लें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को यथाशीघ्र सुधार लें । प्रोफाइल में सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड होना तथा सभी entry सही से होना अनिवार्य है ।

(2) सभी चयनित अभ्यर्थियों से निवेदन है कि ज्वाइनिंग के लिए ज्वाइनिंग सम्बंधी सभी फार्म का प्रिंट लेकर एवं उसे पूर्णतया भरकर आना होगा । ये सभी फार्म हमारे वेबसाइट **https://hwr.bhel.com/recruitment** पर "**Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for February'2024, Batch**" लिंक के अंतर्गत "**Joining Related Forms**" के नाम से उपलब्ध है तथा इसे भरने हेतु निर्देश भी इसके साथ ही संलग्न है ।

(3) सभी चयनित अभ्यर्थियों को रिपोर्टिंग के समय दर्शाये गये उपरोक्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा ।

(4) उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को अस्थायी (Provisional) रूप से चयनित किया गया है । यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त ज्वाइनिंग तिथियों में उपस्थित नहीं हो पाता है या किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत कर पाने में सक्षम नहीं हो पाता है तो उसका चयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(5) सभी चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग, दर्शाये गए तिथियों में ज्वाइनिंग सम्बंधी दस्तावेजों के सत्यापन पूर्ण होने के बाद ही करायी जाएगी ।

(6) सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिसशिप अवधि के दौरान अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करें ।

टेक्नीशियन – इलेक्ट्रिकल हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची

संकाय	चयनित अभ्यर्थियों का अनुक्रमांक (Roll No.)	रिपोर्ट करने की तिथि
इलेक्ट्रिकल	220001, 220006, 220008, 220011, 220022	06.03.2024

प्रकाश
27.02.2024

उप महाप्रबंधक (मा.सं.)